asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

अर्षवीर भाटिया का चयन... पृष्ठ 2 | कलेक्टर ने कवर्धा में चल... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

सोमवार, 06 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 171, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## ईरान पर टूटेगा कहर, महाविनाश की तैयारी में ट्रंप, बताया मंगलवार को कहां-कहां करेंगे हमला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान में हमले तेज करने की धमकी दी है। ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज नहीं खोला तो वे मंगलवार को ईरान के पावर प्लांट पर हमला करेंगे।

ट्रुथ सोशल पर पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप ने अमेरिका के अगले टारगेट के बारे में बताया और साथ ही यह भी बताया कि अमेरिका अगले दो दिन में ईरान के किन-किन ठिकानों को निशाना बनाएगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मंगलवार को ईरान में पावर प्लांट डे और ब्रिज डे होगा – सब कुछ एक ही दिन होगा। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा।'

ट्रंप ने आगे लिखा, 'स्ट्रेट



ऑफ होर्मुज को खोलो, वरना तुम नरक में रहोगे, बस देखते जाओ! अल्लाह का शुक्र है।' ट्रंप ने रविवार सुबह गाली-गलौज से भरी पोस्ट में अपनी पिछली धमकियों को और आगे बढ़ाते हुए ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों पर हमला करने का वादा किया।

अमेरिकी सेना एक दिन पहले ही अपने पायलट को ईरान में घुसकर बचाकर वापस लाई थी। इस पायलट का विमान कुछ दिन पहले ईरान के मार गिराए जाने के बाद दुश्मन की सीमा के पीछे जा गिरा था। अमेरिका की धमकी के बाद ईरान की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन तेहरान ने अपने पड़ोसी खाड़ी अरब देशों में आर्थिक और बुनियादी ढांचे के ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी पायलट को बचाने का यह अभियान शुक्रवार को स्न-15श्व स्ट्राइक ईगल विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चलाए गए खोज और बचाव अभियान का हिस्सा था। ट्रंप ने बताया कि वह सैनिक घायल था, लेकिन उसकी हालत स्थिर है।

### अमेरिका का ईरान मे बड़ा ऑपरेशन, दुश्मनों के बीच खोज निकाला अपना लापता पायलट



**ट्रंप बोले- हम कभी अपने सैनिकों को पीछे नहीं छोड़ते**

ईरान द्वारा अमेरिका के गिराए गए स्न-15E स्ट्राइक ईगल विमान के लापता पायलट को खोज निकाला गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने एक लंबी पोस्ट में बताया है कि अमेरिका ने अपने इतिहास का एक सबसे मुश्किल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की तरफ से भीषण गोलीबारी की वजह से रेस्क्यू करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। लेकिन अमेरिका ने अपने पायलट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। इस बारे में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ने इतिहास के सबसे साहसी सर्च ऑपरेशनों में से एक को पूरा किया है। यह ऑपरेशन हमारे एक बहादुर क्रू मेंबर अधिकारी के लिए था। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब वो पूरी तरह सुरक्षित है। ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिका कभी भी अपने बहादुर सैनिकों को पीछे नहीं छोड़ता है। उनके मुताबिक रेस्क्यू किए गए पायलट को थोड़ी चोटें हैं, लेकिन वो कुछ दिनों में ठीक हो जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस बात पर भी जोर दिया है कि अमेरिका ने ईरान को पूरी तरह खत्म कर दिया है, उसकी वायु क्षमता अब समाप्त हो चुकी है, हर तरफ अमेरिका का ही दबदबा है।ऑपरेशन को लेकर भी ट्रंप ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने पायलट को रेस्क्यू करने के लिए दुनिया के सबसे खतरनाक हथियारों का इस्तेमाल किया। ट्रंप ने कहा कि एक बार फिर साबित हो चुका है कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे ताकतवर सेना मौजूद है। जानकारी के लिए बता दें कि शुक्रवार को अमेरिकी फाइटर प्लेन को ईरान ने निशाने पर लिया था। उस हमले के बाद एक पायलट तो सुरक्षित बाहर निकल गया, लेकिन दूसरा लापता बताया गया। बाद में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गलिबाफ ने इस घटना को एक टर्निंग प्वाइंट करार दिया।

### विज्ञापन में करोड़ों, लेकिन गैस उपभोक्ताओं की सुरक्षा भगवान भरोसे - श्रीमती सरिता मदन साहू

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के



डोंगरगढ़ विकासखंड के मूदगांव में हुए गैस सिलेंडर हादसे ने घरेलू गैस सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस मामले में जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू ने सरकार और गैस एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। मूदगांव में हाल ही में हुए बड़े गैस हादसे ने पूरे क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। इस घटना को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती सरिता मदन साहू ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार गैस कनेक्शन के प्रचार-प्रसार में करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन देने के बाद हितग्राहियों को जो बुनियादी सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे उन्हें नहीं मिल पा रही हैं। खासकर गैस सिलेंडर, पाइप और रेगुलेटर की नियमित जांच बेहद जरूरी है, लेकिन गैस एजेंसियां इस दिशा में कोई गंभीरता नहीं दिखा रही हैं।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पर राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### हैदराबाद से 03 आदतन आरोपी गिरफ्तार, 05 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद, थाना बसंतपुर एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त कार्यवाही



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 14.03.2026 को प्रार्थिया निवासी जीवन-ए कॉलोनी, राजनांदगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि लगभग 03:00 बजे अज्ञात 03-04 व्यक्ति उसके मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए। आरोपियों ने उसे डराकर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 127/26 धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में लक्ष्मीनगर निवासी प्रार्थी की मोटर सायकल ड्रीम योगा चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 128/26 धारा 303(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया। तथा लक्ष्मीनगर बी कॉलोनी निवासी एक अन्य प्रार्थी की रिपोर्ट पर घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के संबंध में अपराध क्रमांक 130/26 धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेंडर किरो के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार एवं निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटना स्थल से लेकर राजनांदगांव शहर के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान आरोपियों के दुर्ग की ओर जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए। इसके पश्चात दुर्ग-भिलाई, रायपुर एवं बिलासपुर के सीसीटीवी फुटेज तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों के हैदराबाद में होने की पुष्टि हुई। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर सायबर सेल एवं थाना बसंतपुर की संयुक्त टीम हैदराबाद रवाना की गई, जहां दो दिन तक सतत प्रयास के बाद संदेही आरोपियों



की पहचान कर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राजनांदगांव के जीवन आवास कॉलोनी में एक ही रात में तीन स्थानों पर चोरी की घटनाएं कारित की थीं। घटना के बाद आरोपी दुर्ग-भिलाई होते हुए ट्रेन से बिलासपुर पहुंचे, जहां अगले दिन सरकंडा थाना एवं मोपका चौकी क्षेत्र में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया और पुनः ट्रेन से हैदराबाद भाग गए।आरोपियों के कब्जे से निम्नलिखित सामान बरामद किया गया —

02 नग चांदी का दिया, 01 बड़ा एवं 01 छोटा चांदी का कटोरा, 06 नग चांदी की बिछिया, 05 नग चांदी की बिछिया , 07 जोड़ी चांदी के कान के टॉप्स, 04 नग चांदी के कान के टॉप्स, 02 नग चांदी का कड़ा, चांदी एवं काले मोती का बाजूबंद 01 नग चांदी का छोटा लड्डू, 01 जोड़ी सोने के टॉप्स, 02 जोड़ी सोने के लॉकेट, कुल बरामद संपत्ति की अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख रुपये है, घटना में शामिल चाकू को भी आरोपियों से जप्त किया गया है, घटना में शामिल अन्य 02 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सक्रिय रूप से प्रयासरत है,




**सराहनीय भूमिका**- इस कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, उपनिरीक्षक नरेश सर्वा,सउनि मनमोहन साहू, प्रधान आरक्षक जी. सीरिल,बसंत राव,धीरज डडसेना आरक्षक अविनाश झा, परिवेश वर्मा, पुनेश साहू, आदित्य ठाकुर,प्रख्यात जैन,हेमंत साहू, आशीष मानिकपुरी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

**पुलिस की अपील**- राजनांदगांव पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि वे घर छोड़कर बाहर जा रहे हों या लंबी अवधि के लिए घर खाली रहने वाला हो, तो इसकी सूचना अपने पड़ोसियों एवं नजदीकी पुलिस थाना को अवश्य दें, ताकि क्षेत्र में प्रभावी निगरानी रखी जा सके और चोरी जैसी घटनाओं को रोका जा सके।

## बस्तर में ढहती समानांतर सरकार

### खौफ, खून और अब खत्म होती प्रोटेक्शन मनी की व्यवस्था

### (मानपुर से ताड़मेटला तक—बड़ी घटनाओं की गूंज के बीच अब बदल रहा है बस्तर का भविष्य)

**(पुरुषोत्तम तिवारी)**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर और आसपास के नक्सल प्रभावित इलाकों—खासकर राजनांदगांव—ने पिछले चार दशकों में हिंसा, डर और शोषण का वह दौर देखा है, जिसने आम जनजीवन को जकड़ कर रख दिया था। नक्सलियों द्वारा चलाई जा रही समानांतर सरकार का सबसे बड़ा आधार था—प्रोटेक्शन मनी और जन-अदालतों के जरिए खौफ। मानपुर और छुरिया: थानों पर हमले, पुलिस की चुनौती राजनांदगांव जिले के मानपुर थाना लूट की घटना नक्सली दुस्साहस का बड़ा उदाहरण रही है, जब थाने को निशाना बनाकर हथियार लूटे गए। वहीं छुरिया थाना पर भी हमला करने की कोशिश हुई। इस घटना की खास बात यह रही कि— थाने में केवल 3 पुलिसकर्मी मौजूद थे उन्होंने बहादुरी से मुकाबला किया हमले को नाकाम करते हुए 4 नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें एक कमांडर भी शामिल था और उन्मौहें मौके से भागने के लिए मजबूर किया। यह घटना बताती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद सुरक्षाबलों ने कई बार मोर्चा संभाला।

**ताड़मेटला:** एक दर्दनाक अध्याय नक्सली हिंसा का सबसे बड़ा और दर्दनाक उदाहरण ताड़मेटला में देखने को मिला, जहां घात लगाकर किए गए हमले में सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हो गए। यह घटना देशभर में नक्सलवाद की




भयावहता का प्रतीक बन गई। मदनवाड़ा कांड: नेतृत्व पर सीधा हमला साल 2012 में राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा क्षेत्र में हुए हमले में तत्कालीन एसपी विनोद चौबे( आईपीएस) समेत 29 जवान शहीद हुए। यह हमला इस बात का संकेत था कि नक्सली केवल आम लोगों ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक नेतृत्व को भी निशाना बना रहे थे।

**जन-अदालत: दहशत का खुला मंच-**

नक्सलियों की जन-अदालत बस्तर के लोगों के लिए सबसे बड़ा भय थी। पूरे गांव को इकट्ठा होने का आदेश यहां तक कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को भी बुलाने का फरमान भीड़ के सामने किसी व्यक्ति को च्दोषीज्ज् घोषित कर या उसे पुलिस का मुखबिर करार कर क्रूर हत्या,अक्सर गला रेतकर इन जन-अदालतों में लोगों की हत्या कर दी जाती थी, ताकि पूरे इलाके में डर बैठ जाए। यह केवल सजा नहीं, बल्कि दहशत फैलाने की रणनीति थी। हर वर्ग से वसूली: प्रोटेक्शन मनी का जाल नक्सलियों के इस खौफ के कारण—गरीब हो या अमीर छोटा व्यापारी हो या बड़ा कारोबारी हर किसी को च्प्रोटेक्शन मनीज्ज् देना मजबूरी बन गया था। वन उपज, परिवहन, हाट-बाजार—हर गतिविधि इस वसूली के दायरे में थी। एक अनुमान के हिसाब से नक्सली लगभग 350 करोड़ रुपए की सालाना वसूली ऐसे कर लेते थे और इसी पैसे से नक्सलियों की पूरी समानांतर व्यवस्था चलती थी।अब बदलते हालात: सख्ती का असर हाल के वर्षों में सरकार की सख्त रणनीति और लगातार अभियानों के चलते नक्सलियों का प्रभाव कमजोर पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नीति— च्हिंसा का जवाब सख्ती सेज्ज—ने जमीनी स्तर पर असर दिखाया है। निष्कर्ष: डर से निकलता बस्तर बस्तर ने खून, खौफ और शोषण का लंबा दौर देखा है। अब हालात बदल चुके हैं— दहशत का अंत हो चुका है, जहां दिन में सड़क मार्ग में सन्नाटा हुआ करता था वहां अब रात में भी ट्रैफिक्र चालू हो चुका है। प्रोटेक्शन मनी की पकड़ ढीली पड़ते पड़ते अब खत्म हो चुकी है और लोग खुलकर जीने की ओर बढ़ रहे हैं चार दशक के डर के बाद, बस्तर अब राहत और विकास की नई कहानी लिखने की ओर बढ़ रहा है।

## भाजपा की कार्यशाला का आज होगा समापन

### ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण पूरा, शहर का प्रारंभ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) ग्रामीण और शहर मंडल राजनांदगांव की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। ठेकवा के सचिता लॉन में आयोजित इस कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को राजनांदगांव ग्रामीण

मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। वहीं दोपहर बाद नांदगांव शहर मंडल की कार्यशाला शुरू हुई, जिसका समापन आज शाम को होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगठन को धरातल पर सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की विचारधारा के प्रसार, संगठन की कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभहर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को ध्वजारोहण, मां भारती के सामने दिप प्रज्ज्वलन और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यशाला राजनांदगांव के ग्रामीण मंडल पूर्व और पश्चिम के अपेक्षित पदाधिकारियों के साथ शुरू हुई। पहले दिन तीन सत्र आयोजित हुए। उद्घाटन सत्र को प्रदीप गांधी ने संबोधित किया। दूसरे सत्र में महापौर श्री मधुसूदन यादव और प्रदेश आईटी सेल के संयोजक श्री सुनील पिल्लई जी ने प्रशिक्षण दिया। पहले दिन के तृतीय और समापन सत्र को वरिष्ठ भाजपा नेता श्री खूबचंद पारख जी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत ने प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को ग्रामीण मंडल की कार्यशाला का समापन हुआ। जिसमें श्री दिनेश गांधी, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा जी ने निर्धारित विषयों पर अपनी बात रखी। इसके बाद शहर के उत्तर और दक्षिण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। जिसके प्रथम सत्र में क्रमशः पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं सांसद श्री संतोष पांडे जी ने प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन के समापन सत्र को विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल जी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद परख जी ने किया। आज दो सत्र के 4 विषयों के साथ इस कार्यशाला का समापन होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं सौरभ कोठारी ने बताया कि केंद्रीय संगठन के निर्देश पर सभी 16 मंडलों मे प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओ को अंतिम व्यक्ति तक योजनाओ का लाभ पहुचाने हेतु प्रशिक्षिण दिया जा रहा है।

## बुन्देलीकला कबड्डी प्रतियोगिता : भिलाई रही विजेता, डोंगरगढ़ की टीम बनी उपविजेता

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बुन्देलीकला ब्लॉक में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य



अतिथि के रूप में पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य और सभापति ओमप्रकाश साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच दधिबल वर्मा, होश साहू, अजय वर्मा और ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतियोगिता में भिलाई की टीम विजेता बनी, जबकि डोंगरगढ़ की टीम उपविजेता रही। ओमप्रकाश साहू ने विजेता टीम को बधाई दी और कहा, लगातार मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है। जो टीम थोड़े अंकों से पीछे रही है, उसे निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और मेहनत करनी चाहिए और कमियों को दूर कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि खेल में हार और जीत तो लगी रहती है, लेकिन ग्राम बुन्देलीकला की टीमों और ग्रामवासियों के सहयोग से हर आयोजन सुंदर बनता है। समारोह में सरपंच दधिबल वर्मा और अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

# अर्षवीर भाटिया का चयन बीसीसीआई के विशेष कैंप में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के युवा खिलाड़ी अर्षवीर भाटिया का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रशिक्षण केंद्र, बेंगलुरु के विशेष कैंप के लिए हुआ है। अर्षवीर के चयन से जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में हर्ष का माहौल है।

अर्षवीर ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मर्चेंट ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता के छह मैचों में उन्होंने कुल 27 विकेट हासिल किए और देश के 10 सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

**छह मैचों में शानदार गेंदबाजी**

विजय मर्चेंट ट्रॉफी के दौरान अर्षवीर ने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया। छह मैचों में दो बार उन्होंने एक पारी में चार-चार विकेट लिए, जबकि एक मुकाबले में पांच खिलाड़ियों को आउट कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनके इस प्रदर्शन के आधार पर ही बीसीसीआई ने उन्हें देश के 25 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल करते हुए विशेष कैंप के लिए चयनित किया है।

**18 मई से 13 जून तक चलेगा कैंप**

बीसीसीआई का यह प्रतिष्ठित कैंप अगले महीने 18 मई से 13 जून तक बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होगा। इस कैंप में देशभर से चयनित 25 प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेंगे, जिन्हें उन्नत प्रशिक्षण, फिटनेस और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

बीसीसीआई ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को पत्र भेजकर जानकारी दी है। साथ ही अर्षवीर भाटिया की वर्तमान शारीरिक





स्थिति और फिटनेस संबंधी जानकारी भी मांगी गई है।

**अंतर जिला प्रतियोगिता में भी किया था उत्कृष्ट प्रदर्शन**

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भी अर्षवीर भाटिया ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाई।

मूलत: डोंगरगढ़ निवासी अर्षवीर भाटिया अपनी आर्थोडॉक्स और चाइनामैन शैली की अनोखी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। कम उम्र में उनकी इस विशेष शैली और निरंतर प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा दिया है।

**जिला क्रिकेट एसोसिएशन में खुशी की लहर**

अर्षवीर के चयन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी एवं पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है। एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने कहा कि अर्षवीर की उपलब्धि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और आने वाले समय में जिले से और भी प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगी। अर्षवीर ने अपने खेल और मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनका चयन पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। अर्षवीर भाटिया की सफलता यह साबित करती है कि छोटे शहरों और कस्बों की प्रतिभाएं भी निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय मंच तक पहुंच सकती हैं। जरूरत केवल उचित अवसर और मार्गदर्शन की होती है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोशिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# केवाईसी के बहाने राशन से वंचित किए जा रहे लोग : इकरामुद्दीन सोलंकी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री इकरामुद्दीन सोलंकी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश में पिछले पांच महीनों से राशन वितरण व्यवस्था चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार राशन दुकानों तक नियमित रूप से चावल पहुंचाने में असफल रही है, जिसके कारण हितग्राहियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोलंकी ने कहा कि पांच माह से राशन कार्ड धारकों को चावल नहीं मिला है, जबकि सरकार तीन महीने का चावल एकमुश्त देने का प्रचार कर च्चावल उत्सवज्ञ् मनाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में राशन दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब दुकानों तक पर्याप्त मात्रा में चावल नहीं पहुंचा, तो उपभोक्ताओं को वितरण कैसे होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवाईसी के नाम पर राशन वितरण रोक रही है। सोलंकी के अनुसार, करीब 32 लाख राशन कार्ड धारकों के कार्ड केवाईसी के नाम पर निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जनविरोधी कदम है और सरकार जानबूझकर पात्र हितग्राहियों को राशन से



वंचित कर रही है। सोलंकी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व जब राशन कार्ड बनाए गए थे, तब आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज लिए गए थे। इसके बावजूद अब अचानक केवाईसी के नाम पर कार्ड निरस्त करना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि आज भी लाखों परिवार राशन कार्ड के लिए भटक रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का हवाला देते हुए सोलंकी ने कहा कि उस समय एपीएल और बीपीएल सभी वर्गों के लिए पारदर्शी तरीके से राशन कार्ड बनाए गए थे। ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और नगर निगमों में सूची प्रकाशित कर दावा-आपत्ति के बाद ही कार्ड जारी किए गए थे, जिससे पीडीएस व्यवस्था की विश्वसनीयता पूरे देश में सराही गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद पीडीएस स्टॉक का भौतिक सत्यापन नहीं हो रहा है। सहकारी समितियों और उपभोक्ता दुकानों में अनियमितताएं बढ़ी हैं और व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सोलंकी ने मांग की है कि सरकार तत्काल राशन वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करे और केवाईसी के नाम पर निरस्त किए गए राशन कार्डों को पुन: बहाल कर पात्र हितग्राहियों को राहत प्रदान करे।

# मोहनी युवराज ढीड़हेर बनीं सचिव

## कांग्रेस संगठन में नई कार्यकारिणी को मंजूरी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी को आधिकारिक मंजूरी मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि यह नई टीम संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाएगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित नई जिला कार्यकारिणी की सूची को आधिकारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। इस फैसले को जिले में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा प्रस्तुत इस कार्यकारिणी में अनुभवी, सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई टीम के



गठन से कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे पार्टी की पकड़ और मजबूत हो सकेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार।यह कार्यकारिणी संगठन को गांव-गांव और वार्ड स्तर तक सक्रिय करने पर विशेष ध्यान देगी। साथ ही आगामी चुनावी रणनीतियों को मजबूत करने और जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने में भी यह टीम अहम भूमिका निभाएगी। इसी क्रम में राजनांदगांव शहर कांग्रेस कमेटी में कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद श्रीमती मोहनी युवराज ढीड़हेर को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके चयन से स्थानीय कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि वे संगठन को मजबूती देने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने साफसंकेत दे दिया है कि वह संगठन को मजबूत कर आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार है।

## संगठन सृजन बैठक सिघोंला मंडल के जंगलेश्वर में संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संगठन सृजन में संगठन मजबूती एवं



बूथ ग्राम पंचायत स्तर तक सक्रीयता बढ़ाने के उद्देश्य से संगठन सृजन के अंतर्गत सिघोंला मंडल के बैठक जंगलेश्वर में रखा गया था जिसमें पूर्व गौसेवा आयोग उपाध्यक्ष एवं सिघोला मंडल प्रभारी मन्ना यादव उपस्थित में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया मन्ना यादव ने बुथ कार्यकर्ताओ आगामी चुनाव में चुनौती को देखते हुए जमीन स्तर पर संगठन के विस्तार एवं बुथ गाम पंचायत स्तर पर प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर विस्तृत चर्चा किया जिसमें बुथ पंचायत स्तर पर युवा वरिष्ठ महिला तथा सभी समाजिक लोगों को समाहित कर बुथ स्तर गठन किया जाए राजनांदगांव ग्रामीण ब्लांक अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि पांच दिनों अंदर सभी बुथो में बैठक रख कर सूची बनाये इसमें लापरवाही बिल्कुल नहीं करना हर बुथ कांग्रेसी बैठक कर सर्वसम्मति प्रस्ताव करें निष्ठा ईमानदारी से संगठन सृजन अभियान को सफल बनाएं सिघोंला मंडल अध्यक्ष चुम्मन निषाद सेक्टर प्रभारी तेजेन्द्र वैष्णव धर्मेन्द्र साहू बुथ प्रभारी मुड़पार महेश साहू कुंदन चंद्राकर मलपुरी कृतलाल पटेल लोकेश गंगवीर राहुल रजक धामनसरा सोहन चंद्राकर जंगलेश्वर मांनसिह साहू चैतराम साहू खैरा रवेली राजू पटेल प्रदीप साहू गाणेश पटेल भागवत साहू एवन लाल ओमप्रकाश पटेल बरातू यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहा।

# भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी के सफर को जाने - मनोज निर्वाणी

## 6 अप्रैल स्थापना दिवस पर विशेष

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन तो हुआ था लेकिन उसके पहले भारतीय जनता पार्टी का नाम कुछ और था कांग्रेस के विरोध के बाद कुछ पार्टियों ने मिलकर एक पार्टी बनाई जिसे जनता पार्टी कहां गया लेकिन जनता पार्टी का प्रयोग अधिक दिनों तक नहीं चल पाया। दो-ढाई वर्षों में ही अंतर्विरोध सतह पर आने लगा। कांग्रेस ने भी जनता पार्टी को तोड़ने में राजनीतिक दांव-पेंच खेलने से परहेज नहीं किया। भारतीय जनसंघ से जनता पार्टी में आये सदस्यों को अलग-थलग करने के लिए च्दोहरी-सदस्यताज् का मामला उठाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध रखने पर आपत्तियां उठायी जानी लगीं। यह कहा गया कि जनता पार्टी के सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य नहीं बन सकते। 4 अप्रैल, 1980 को जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने अपने सदस्यों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य होने पर प्रतिबंध लगा दिया। पूर्व के भारतीय जनसंघ से संबद्ध सदस्यों ने इसका विरोध किया और जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को एक नये संगठन च्भारतीय जनता पार्टीज् की घोषणा की। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई।



भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान च्विश्वशक्तिज् एवं च्विश्व गुरूज् के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। इसके साथ ही विश्व शांति तथा न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखे। भाजपा भारतीय संविधान में निहित मूल्यों तथा सिद्धांतों के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित राज्य को अपना आधार मानती है। पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे लोकतान्त्रिक राज्य की स्थापना करना है जिसमें जाति, सम्प्रदाय अथवा लिंगभेद के बिना सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर तथा धार्मिक विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो। भाजपा ने पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित च्एकात्म-मानवदर्शनज् को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। साथ ही पार्टी का अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर है। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की, जिन्हें च्पंचनिष्ठाज् कहते हैं। ये पांच सिद्धांत (पंच निष्ठा) हैं-राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता (सर्वधर्मसमभाव), गांधीवादी समाजवाद (सामाजिक-आर्थिक विषयों पर गाँधीवादी दृष्टिकोण द्वारा शोषण मुक्त समरस समाज की स्थापना) तथा मूल्य आधारित राजनीति।

### सप्ताह के सितारे (06 अप्रैल 2026)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4- 8 - 9 | 24-42-28-82-48-84 |
| मंगल | 1- 3 - 7 - 9 | 37-73-39-93-79-97 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 3- 4 - 9 - 0 | 34-43-30-03-90-09 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

अंकों का बादशाह -5 सप्ताह में अचूक 1 - 4 - 6 - 0

सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 68- 57 -24 -78

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 14 - 16 - 10 | (6) 61 - 64 - 66- 60 |
| (2) 21 - 24 - 26 - 20 | (7) 71 - 74 - 76 - 70 |
| (3) 31 - 34 - 36 - 30 | (8) 81 - 84 - 86 - 80 |
| (4) 41 - 44 - 46 - 40 | (9) 91 - 94 - 96 - 90 |
| (5) 51 - 54 - 56 - 50 | (10) 01 - 04 - 06 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 13-94-**-90-56-63 | 47-03-**-48-65 |
| 70-21-30-88-15-54 | 16-56-05-43-09 |
| 58-13-72-25-06-82 | 56-21-02-20-38 |
| 17-59-42-51-77-11 | 34-46-03-46-64 |
| 74-04-19-16-50-26 | 90-87-97-12-66 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# युगांतर के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** युगांतर पब्लिक स्कूल के होम एक्जाम के रिजल्ट प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी,वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में घोषित हुए।



परीक्षा परिणाम वितरण का कार्यक्रम गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। नर्सरी से कक्षा नवमी तथा कक्षा 11 वीं के एकेडमिक एचिवर्स को स्मृति चिन्ह प्रदानकर सम्मानित किया गया। अंक सूची वितरण के दौरान पालकों की काफी तादाद में उपस्थिति रही। वे रिजल्ट को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। विद्यालय विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास निरंतर ध्यान दे रहा है। विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सी टॉप एकेडमिक प्रोग्राम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक प्रयासों से युगांतर में गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। सी टॉप एकेडमिक प्रोग्राम अर्थ यह है कि बच्चों को वह योग्यता हासिल हो, जिससे वो नीट तथा जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा में समर्थ हो सके। इस दिशा में छठवीं की कक्षाओं से ही विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को एक्टिविटीज बेस लर्निंग कराई जा रही है। इससे उनका लर्निंग आउटकम बेहतर हो रहा है। इससे विद्यार्थीगण लाभान्वित हो रहे हैं। अंक सूची वितरण तथा एकेडमिक एचिवर्स के सम्मान के बाद विद्यार्थियों तथा उनके पालकों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था मेस विभाग के द्वारा की गई थी,जिसकी पालकों ने काफी सराहना की। इस आयोजन को सफल बनाने विद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित विद्यालय के कम्प्यूटर, म्यूजिक, डांस, स्पोर्ट्स, आर्ट, मेस, ट्रान्सपोर्ट, श्रम विभाग विभाग, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने समारोह को यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## 7 अप्रैल को जिलेभर में मनाया जाएगा च्चावल उत्सव

**पदमराज सिह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** खाद्य विभाग द्वारा जिले में आगामी 7 अप्रैल को च्चावल उत्सवज् के आयोजन की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की सभी 516 उचित मूल्य की राशन दुकानों में इस दिन एक साथ खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इसके लिए खाद्यान्न के समयबद्ध भंडारण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।



परिवहनकर्ताओं एवं संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी राशन दुकानों तक खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। चावल उत्सव के दौरान सतर्कता समिति के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे खाद्यान्न वितरण का कार्य संपन्न किया जावेगा। साथ ही आम हितग्राहियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के लिए किया गया चयनित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का चयन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हेतु किया गया है। चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में राजनांदगांव विकासखंड के सहसपुर दल्ली, पनिया एवं रेंगाकठेरा, छुरिया विकासखंड के आमगांव, हालेकोसा एवं भेजराटोला तथा डोंगरगांव विकासखंड के कम्हेरा शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता



को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कुल 42 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है, जबकि 83 स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा तैयारी पूर्ण कर प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इनमें से 24 स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिनके प्रमाण पत्र प्राप्त होना शेष है। इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सलाहकार डॉ. विकास राठौर, डॉ. स्नेहा जैन, डॉ. निहारिका टोपनो, खंड चिकित्सा अधिकारियों तथा चयनित स्वास्थ्य केंद्रों के समस्त कर्मचारियों को बधाई दी है।

## ज्ञान मंथन

*1) चूलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?*

*2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?*

*3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?*

*4) मनी म्यूल क्या है?*

*5) भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) चम्बल नदी (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से अर्जित धन को किसी और के लिए स्थानांतरित करता है (5) लिंडी कैमरून

# कलेक्टर ने कवर्धा में चल रहे निर्माण कार्यों का किया सघन निरीक्षण

## अधिकारियों-ठेकदारों को गुणवत्ता के साथ काम जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेने कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस दौरान उन्होंने कवर्धा के शॉपिंग कांप्लेक्स, गौरव पथ रोड कवर्धा, शहर में अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक बी.टी. रोड एवं नाली का कार्य, मानिकपुर में नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, तहसीलदार श्री परमेश्वर मंडावी, सीएमओ रोहित साहू सहित संबंधित अधिकारी, इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

**शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और गौरवपथ का निरीक्षण**

कलेक्टर ने 2.27 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा लगभग 2.22 किलोमीटर लंबे गौरवपथ निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश



दिए कि सभी कार्य तय मापदंडों के अनुरूप ही किए जाएं और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण होना चाहिए।

**कवर्धा शहर में सड़क एवं नाली निर्माण का निरीक्षण**

कवर्धा शहर में अंबेडकर चौक से समनापुर पुल तक लगभग 2 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बी.टी. रोड एवं नाली का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के लिए किए जा रहे माप को ध्यान से देखा और सुनिश्चित किया कि काम सही तरीके से हो रहा है या नहीं। कलेक्टर श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। साथ ही नागरिकों से सड़क निर्माण कार्य में सहयोग करने और कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण कराने में सहभागिता निभाने की अपील की।

**मानिकपुर में नहर लाइनिंग कार्य का लिया जायजा**

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्राम मानिकपुर पहुंचकर निर्माणाधीन नहर लाइनिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। यह कार्य किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मौके पर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहर लाइनिंग का कार्य तकनीकी मापदंडों के अनुरूप किया जाए, ताकि दीर्घकालीन लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

# सखी वन स्टॉप सेंटर भर्ती- पात्र-अपात्र सूची जारी, 9 अप्रैल तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र, अपात्र एवं अमान्य आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर 9 अप्रैल 2026 तक दिया गया है। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार सखी वन स्टॉप सेंटर में केन्द्र प्रशासक, साईको सोशल काउंसलर एवं कार्यालय सहायक पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रथम स्कूटनी के पश्चात पात्र/अपात्र/अमान्य आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। इसके साथ ही पैरा मेडिकल कार्मिक पद के लिए संशोधित सूची




भी प्रकाशित की गई है। उक्त सूचियों के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित करने की सूचना जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की गई है। वहीं केस वर्कर, पैरा लीगल कार्मिक एवं सुरक्षा गार्ड पदों के लिए पूर्व में 28 जनवरी 2026 तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का जिला स्तरीय समिति द्वारा निराकरण कर लिया गया है। निराकरण उपरांत इन पदों की अनंतिम पात्र/अपात्र सूची भी वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों को अपनी पात्रता या अपात्रता को लेकर कोई आपत्ति है, वे 9 अप्रैल 2026, गुरुवार शाम 5:30 बजे तक अपना दावा-आपत्ति रजिस्टर्ड डाक, ई-मेल या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि दावा-आपत्ति के दौरान नए दस्तावेज या प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। हालांकि पूर्व में जमा दस्तावेजों की पुष्टि हेतु अतिरिक्त प्रमाण प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिन पर चयन समिति द्वारा विचार किया जाएगा। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ के बारिश और आंधी से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिली राहत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में झुलसाती गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। बीती रात राजधानी समेत कई जिलों में हुई बारिश ने लोगों को राहत दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट, गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है, जिससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को और राहत मिल सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। नांगुर में 3 सेमी और जगदलपुर में 1 सेमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुली, जिससे लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की। मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। आने वाले 24 घंटों में भी तापमान लगभग स्थिर रहेगा, लेकिन इसके बाद अगले दो दिनों में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है।

# मनीष साहू बने शहर कांग्रेस के महामंत्री संगठन को मिलेगी नई मजबूती

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पूर्व पार्षद मनीष साहू को शहर



कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और उन्हें बधाइयों का तांता लग गया है। मनीष साहू लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में पार्षद रहते हुए जनहित से जुड़े कई कार्यों को प्राथमिकता दी।

वे अपने सरल स्वभाव, सक्रिय कार्यशैली और आम जनता से जुड़ाव के लिए पहचाने जाते हैं। पार्टी के विभिन्न आंदोलनों, सामाजिक कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी रही है, जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि मनीष साहू के अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को मिलेगा और शहर में पार्टी की पकड़ और मजबूत होगी। खासकर युवाओं और आम कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की उनकी क्षमता संगठन विस्तार में सहायक सिद्ध होगी। नियुक्ति के बाद मनीष साहू ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में कांग्रेस को और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को हासिल करेगा।

# जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा सशक्त महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के ग्राम पंचायत साल्हेटोला में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अजीविका मिशन बिहान के वार्षिक अधिवेशन के बतौर कार्यक्रम में अध्यक्षता के रूप में संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया,श्रीमती बीरम रामकुमार मंडावी सभापति जिला पंचायत,खिलेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष,भानबाई मंडावी जनपद सदस्य, नैनसिंह पटेल, दुधनाथ मंडावी सरपंच मौजूद रहे । कारक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज इस च्बिहान समूहज्ज् के वार्षिक अधिवेशन में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। बिहानकेवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के जीवन में बदलाव की एक नई सुबह है। इसने गांव-गांव में महिलाओं को एक नई पहचान, आत्मविश्वास और सम्मान दिया है। बहनों, पहले महिलाएं घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, लेकिन आज बिहान समूह से जुड़कर आप सभी ने बचत करना सीखा है,बैंक से जुड़कर आर्थिक मजबूती हासिल की छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू किए और अपने परिवार को मजबूत बनाया यह परिवर्तन बहुत बड़ा है, और इसके लिए आप



सभी बधाई की पात्र हैं श्रीमती बीरम मंडावी ने कहा कि बिहान समूह ने हमें यह सिखाया है कि च्अगर हम मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता।ज्आज हमारे समूह केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक जागरूकता बढ़ा रहे हैं,

**बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे रहे हैं**

स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी योगदान दे रहे हैं यह एक सच्चे बदलाव की पहचान है। आप सभी से आग्रह करना चाहूँगी कि अपने समूह को और मजबूत बनाएं, नियमित बैठक करें नई योजनाओं और प्रशिक्षण का लाभ लें और नए रोजगार के अवसर तलाशें,आज का यह वार्षिक अधिवेशन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हमने अब तक क्या हासिल किया और आगे हमें क्या करना है। आइए हम संकल्प लें अपने समूह को और आगे बढ़ाएंगे हर महिला को आत्मनिर्भर बनाएंगे और अपने गांव व समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे । महिलाओं ने खेल का भी आयोजन किया,प्रमुख खेलों में गोली चमच्च,कुर्सी दौड़, रसाकसी,बिंदी लगाओं प्रतियोगिता शामिल रही । कार्यक्रम को भानबाई मंडावी ने भी संबोधित किया।

# पत्रकार चंदूलाल चंद्राकर पर अमितेश को मिली पीएचडी उपाधि

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भिलाई (छत्तीसगढ़) ने डोंगरगांव तहसील ग्राम रूदगांव निवासी, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक अमितेश सोनकर को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के प्रतिमान चंदूलाल चंद्राकर: एक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। अमितेश सोनकर ने यह शोध कार्य सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार के निर्देशन में किया। विषय विशेषज्ञ बाह्य परीक्षा के रूप में एसोसिएशन प्रोफेसर, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से डॉ.धीरज शुक्ला उपस्थित रहे।



सोनकर ने बताया कि शोध कार्य छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर चंदूलाल चंद्राकर के नाम से पत्रकारिता पुरस्कार दिया जाता है। उनके कार्यों को लेकर शोध कार्य पूर्ण किया। श्री चंद्राकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने समाज एवं राज्य के नाम का परचम फहराने वाले निर्भीक, साहित्यिक एवं सामाजिक पत्रकार के रुप में जाने जाते हैं। वर्तमान में वे सभी पत्रकारिता के लिए मील के पत्थर समान सुशोभित हैं जो अपने निजी स्वार्थों को त्याग कर अपना सर्वस्व समाज व राष्ट्र को समर्पित कर देते है। अपनी लेखनी से समाज की ज्वलंत समस्याओं को उजागर करते हुए तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति अपने कलम से जन - जागरण का कार्य किया है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय डॉ. अमितेश कुमार ने अपने शोध निर्देशक डॉ. संजीव कुमार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनेश जोशी अपने पिता संतोष कुमार, माता श्याम कुमारी सोनकर, जीवन संगिनी सीमा सोनकर, बेटी श्रीवान्या सोनकर, पिता संतोष कुमार, माता मंजू सोनकर और भईया-भाभी को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद और गुरु के कुशल निर्देशन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। पीएचडी की उपाधि मिलने की खबर से उनके परिवार, ग्रामवासियों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनेश जोशी, डॉ. नरेश साहू, डॉ. संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## धर्म समाचार....


# हिंदू धर्म में चोटी का कितना महत्व : शास्त्रों में गाय के खुर के बराबर रखने की परंपरा; चाणक्य ने ली थी शपथ

हिंदू धर्म में चोटी (शिखा) का बहुत महत्व है। चोटी का धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक, तीनों महत्व माने गए हैं। यह सिर्फबालों की एक शैली नहीं, बल्कि पहचान, परंपरा और आध्यात्मिकता से जुड़ी होती है। सनातन धर्म में लोग शिखा क्यों रखते हैं? इसका धार्मिक महत्व क्या है? क्या इसके पीछे कोई वैज्ञानिक कारण भी है? चोटी से जुड़ी सबसे रोचक कहानी क्या है? इस पर जानकार क्या कहते हैं? सारे सवालों के जवाब भास्कर एक्सप्लेनर में

**सवाल:** सिर पर चोटी क्यों रखते हैं?

**जवाब:** लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार शतपथी के अनुसार, सनातन धर्म में कई लोग सिर पर चोटी रखते हैं। इसे शिखा कहा जाता है। चोटी सिर के जिस हिस्से पर रखी जाती है, उसे सहस्रार चक्र माना जाता है।

मान्यता है, इसी जगह के पास आत्मा का संबंध होता है। चोटी रखने से यह हिस्सा सक्रिय रहता है। लोग मानते हैं कि चोटी रखने से ध्यान लगाने में मदद मिलती है। इंसान बुद्धि, मन और शरीर पर बेहतर नियंत्रण रख पाता है। इसी वजह से सनातन धर्म में चोटी रखने की परंपरा चली आ रही है। सनातन धर्म में शिखा रखने से यह माना जाता है कि व्यक्ति वैदिक परंपरा और धार्मिक नियमों का पालन करता है। सनातन धर्म में शिखा रखने से यह माना जाता है कि व्यक्ति वैदिक परंपरा और धार्मिक नियमों का पालन करता है।



**चाणक्य की शिखा प्रतिज्ञा**

महान विद्वान चाणक्य ने अपनी शिखा के सम्मान के लिए भारत का इतिहास ही बदल डाला था। अखंड भारत की नींव रखी। यह घटना मौर्य साम्राज्य बनने से ठीक पहले की है। चौथी शताब्दी ईसा पूर्व (करीब 340-320 ईसा पूर्व) के आसपास मगध में नंद वंश का शासन था। कथाओं के अनुसार, चाणक्य नंद राजा के दरबार में गए थे, वहां उनका अपमान किया गया। इसके बाद उन्होंने अपनी शिखा खोलकर प्रतिज्ञा ली कि जब तक नंद वंश का अंत नहीं कर देंगे, तब तक शिखा नहीं बांधेंगे। यही संकल्प आगे चलकर चंद्रगुप्त मौर्य को तैयार करने और मौर्य साम्राज्य की नींव बनने की कहानी से जुड़ता है।

**सवाल:** क्या है चोटी रखने का महत्व?

**जवाब:** हिंदू धर्म में व्यक्ति के जन्म से लेकर मरण तक 16 प्रकार के संस्कार बताए गए हैं। इनका अपना-अपना महत्व है। इन्हीं में से एक है मुंडन संस्कार। बच्चे के पहले, तीसरे या पांचवें साल में मुंडन किया जाता है। इस संस्कार के दौरान बच्चे के थोड़े से बाल छोड़ दिए जाते हैं। सिर पर शिखा रखने का संस्कार यज्ञोपवीत या उपनयन संस्कार में भी किया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पूजा, कर्मकांड और यज्ञ कराने के लिए चोटी रखना जरूरी है। प्रयागराज के महाराज हरिचैतन्य ब्रह्मचारी बताते हैं- जहां शिखा रखी जाती है, उसे परंपरा में ब्रह्मांड से जुड़ा प्रतीकात्मक स्थान माना जाता है। मान्यता है कि शिखा, नाभि और हृदय का आपसी संबंध होता है। इसलिए शिखा को महत्वपूर्ण माना गया है। कई धार्मिक क्रियाओं में स्मरण या संकल्प करते समय सबसे पहले शिखा को हाथ लगाकर प्रणाम किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हर हिंदू को शिखा रखना चाहिए। जबकि वैदिक ब्राह्मणों के लिए इसे विशेष रूप से आवश्यक माना जाता है। वहीं, विरक्त ब्राह्मण (जो संसारिक जीवन से अलग होकर संन्यास मार्ग अपनाते हैं) कई बार चोटी नहीं रखते।

## वरूथिनी एकादशी 13 या 14 अप्रैल, कब रखें व्रत? एकादशी की सही तारीख, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है, और जब बात वरूथिनी एकादशी की हो, तो इसकी महिमा और भी बढ़ जाती है। वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की इस एकादशी को सौभाग्य और पुण्य देने वाली तिथि माना गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस व्रत को करने से व्यक्ति को भारी तपस्या के बराबर फल मिलता है। साल 2026 में यह व्रत कब किया जाएगा? आइए यहां इसकी सही तिथि व समय जानते है। हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि देर रात 01 बजकर 16 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 14 अप्रैल को देर रात 01 बजकर 08 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए वरूथिनी एकादशी का व्रत 13 अप्रैल को रखा जाएगा।




**वरूथिनी एकादशी पूजा विधि** - सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और भगवान विष्णु के सामने व्रत का संकल्प लें। पूजा स्थान पर भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। भगवान को गंगाजल और पंचामृत से स्नान कराएं। उन्हें पीले वस्त्र, पीले फूल और तुलसी दल अर्पित करें। घी का दीपक जलाएं और वरूथिनी एकादशी की व्रत कथा का पाठ करें। अंत में आरती करें। इस एकादशी पर रात्रि में जागकर भजन-कीर्तन करने का विशेष महत्व है। अगले दिन प्रसाद से व्रत का पारण करें।

**पूजा मंत्र** - ? नमो भगवते वासुदेवाय **भोग:** इस दिन मौसमी फल के रूप में खरबूजा चढ़ाने की परंपरा है। इसके अलावा सात्विक मिठाई और पंचामृत का भोग भी लगा सकते हैं। याद रहे, भगवान विष्णु के भोग में तुलसी के पत्ते जरूर शामिल करें।

**व्रत का महत्व और लाभ**- शास्त्रों के अनुसार, जो व्यक्ति वरूथिनी एकादशी व्रत का विधि-विधान से पालन करते हैं, उसे सुख-शांति की प्राप्ति होती है। यह व्रत शारीरिक कष्टों को दूर करने और दरिद्रता मिटाने वाला माना गया है। राजा मांधाता ने भी इसी व्रत के प्रभाव से मोक्ष प्राप्त किया था।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# छुईखदान में शिक्षा व्यवस्था बेपटरी कार्यालय में जमे शिक्षक, स्कूल खाली

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** विकास खंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लंबे समय से स्थायी अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण यहां की व्यवस्था पूरी तरह अस्थायी नियंत्रण में चल रही है, जो अब विवादों में घिरती नजर आ रही है।

पूर्व बीईओ श्री रमेन्द्र डड़सेना के स्थानांतरण के बाद सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यभार संभाला गया, लेकिन यह अस्थायी व्यवस्था अब स्थायी रूप ले चुकी है। आरोप है कि शिक्षा व्यवस्था सुधारने के बजाय चहेते कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने का सिलसिला तेजी से जारी है। सूत्रों के अनुसार, दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ कई सीएसी एवं शिक्षक, जो अधिकारी के करीबी माने जाते हैं, उन्हें कार्यालय में ही कमरा, टेबल और कंप्यूटर उपलब्ध कराकर बैठा लिया गया है। नतीजतन, ये शिक्षक अपने मूल विद्यालयों से दूर हैं और छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

## व्यक्तिगत उपयोग में शिक्षक, नियमों की अनदेखी

गेरूखदान में पदस्थ एक सहायक शिक्षक का मामला विशेष रूप से चर्चा में है। बताया जा रहा है कि वह नियुक्ति के बाद से ही स्कूल नहीं पहुंचा, बल्कि उसे अधिकारी के निजी सहायक और ड्राइवर के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, उसे शिक्षक सम्मान से नवाजा गया और हाल ही में नियमों को दरकिनार करते हुए छुईखदान के पास के स्कूल में पदस्थ करने की बात भी सामने आई है, जबकि संलग्नीकरण की प्रक्रिया वर्तमान में बंद है।



## कार्यालय में बैठकर शिक्षकों पर सवाल

हाल ही में विभिन्न समाचार-पत्रों में सीएसी की कार्यप्रणाली और स्कूलों में उनकी अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठे थे। जांच में सामने आया कि कई सीएसी और शिक्षक स्कूलों में पढ़ाने के बजाय कार्यालय में सक्रिय हैं और वहीं से अन्य शिक्षकों के कार्यों पर सवाल उठा रहे हैं।

## उदयपुर स्कूल में भी यही हाल

उदयपुर हायर सेकेंडरी स्कूल की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-2 और व्याख्याता वर्षों से स्कूल से गायब हैं और केवल डीईओ कार्यालय खैरागढ़ तक सीमित होकर रह गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्हें न तो छात्रों की पढ़ाई से मतलब है और न ही स्कूल की स्थिति से।

## प्रशासन मौन, शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका पर खड़ा हो रहा है। जब शिक्षक कार्यालयों में जमे हैं और स्कूल खाली हैं, तो छात्रों की पढ़ाई कैसे चलेगी?

## अब जरूरी कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों की मांग है कि छुईखदान में स्थायी बीईओ की तत्काल नियुक्ति की जाए, कार्यालय में जमे शिक्षकों और सीएसी को तत्काल स्कूलों में भेजा जाए, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो, यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था और छात्रों के भविष्य पर पड़ेगा।

# मोतीपुर में प्याऊ घर सेवा का हुआ शुभारंभ

## भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना एक पुण्य का कार्य

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा राजनांदगांव शहर के आजाद चौक मोतीपुर स्थित हनुमान मंदिर एवं ढाबा रोड स्थित भोलेनाथ मंदिर में प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ किया गया। प्याऊ घर सेवा के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री राधेश्याम गुप्ता एवं समाजसेवी श्री शिव वर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा मटकों पर राम नाम अंकित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष श्री राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल दान को सर्वोत्तम दान माना गया है। भीषण गर्मी के समय राहगीरों, जरूरतमंदों एवं आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है। उन्होंने मटके के पानी के महत्व को बताते हुए कहा कि यह प्राकृतिक रूप से शीतल, स्वास्थ्यवर्धक एवं पर्यावरण के अनुकूल होता है, जबकि






बोतलबंद, पाउच एवं फ्रिज का अत्यधिक ठंडा पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। समाजसेवी श्री शिव वर्मा ने कहा कि प्याऊ घर सेवा न केवल राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराती है, बल्कि मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करती है। इसके माध्यम से समाज में सहयोग और सेवा के संस्कार विकसित होते हैं। संस्थान के सदस्य श्री धर्मराज यादव ने बताया कि प्याऊ घर सेवा के लिए शिव शक्ति धर्मार्थ सार्वजनिक सेवा समिति चिखली द्वारा निःशुल्क मटकों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यह सेवा ग्रीष्मकाल के दौरान निरंतर संचालित की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान राहगीरों को शीतल जल के साथ शर्बत का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में जी.आर. देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन सहित शिक्षा संस्कार पाठशाला के बच्चे एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# विधायक भोलाराम साहू ने फीता काटकर किया आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम मंगियाटोला (ग्राम पंचायत गेरूघाट), विकासखंड छुरिया में दिनांक 02 अप्रैल 2026, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव एवं नवीन आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना, हनुमान जी की पूजा, हवन एवं आरती के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में ग्रामवासियों की एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि



ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं भाईचारे को मजबूत करते हैं। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात उन्होंने फीता काटकर नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया तथा पट्टिका का अनावरण किया, जिससे ग्रामवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में राजकुमार सिन्हा महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी, प्रताप सिंह घावड़े अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, उभेराम मंडावी जनपद सदस्य, लिलेश्वरी घावड़े सरपंच, ग्राम पंचायत गेरूघाट,कुलेश्वरी खुर्शीयाम, सुरेखा कोमरे, उनेन्द्र खुर्शीयाम, चेतन ग्राम पटेल, पंचगण रामलाल नेताम, अंजोर कुंजाम, पुनत कोमरे, सुनीता, रोहित वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कोपेडीह में मां कर्मा महोत्सव मनाया गया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव का शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया जिसके मुख्य अतिथि शिवराम साहू तहसील अध्यक्ष, नीलमणि साहू जिला महामंत्री मदन साहू जिला उपाध्यक्ष माधव साहू जिला संगठन सचिव सरिता साहू सदस्य जनपद पंचायत,जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू , प्यारेलाल साहू पूर्व अध्यक्ष कोकपुर मंडल अमरनाथ साहू पूर्व महामंत्री जिला साहू राजनंदगांव कोमल साहू संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ रायपुर ग्राम सरपंच बीरसिंग कंवर उप सरपंच टेलन सिंह वर्मा ग्राम वासी जनक साहू भागचंद साहू चुनूं साहू उमेद दास साहू गमन साहू लखन साहू। एपराम साहू सभी सामाजिक बंधु उपस्थित थे कर्मा जयंती समारोह में गांव में कलश यात्रा निकाली गई और मां कर्मा के महाआरती भी की गई, कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी सामाजिक बंधुओं को महाप्रसादी खिचड़ी वितरण किया गया।



प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# निगम ने संपत्ति कर बढ़ाकर जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया - संतोष पिल्ले

## कहा - डबल इंजन की सरकार ने महंगाई बढ़ाकर जनता को पहले ही परेशान कर दिया है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बढ़ोतरी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम बताया है। संपत्ति कर वृद्धि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है ऐसे में संपत्ति कर बढ़ाना पूरी तरह जनविरोधी निर्णय है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के चलते पहले ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है जिससे आम नागरिकों का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे हालात में नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में 6% से लेकर 20% तक की वृद्धि करना जनता पर दोहरी मार डालने जैसा है। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और निगम प्रशासन जनहित की बात तो करते हैं लेकिन उनके फैसले इसके विपरीत दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कर वृद्धि से मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम को जनता की समस्याओं को समझते हुए ऐसे फैसलों पर पुनर्विचार करना चाहिए। बढ़ा हुआ संपत्ति कर न केवल करदाताओं के लिए परेशानी का कारण बनेगा, बल्कि इससे उनके घरेलू बजट पर भी सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निगम प्रशासन ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो जनता के हित में आंदोलन किया जाएगा।



# मोहड़ के किसानों की मांग राजगामी संपदा के अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र गोलछा की हो नियुक्ति

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव से एक महत्वपूर्ण जनमांग सामने आई है जहाँ मोहड़ क्षेत्र के किसानों ने राजगामी संपदा के अध्यक्ष पद पर एक सशक्त और किसान हितैषी व्यक्तित्व की नियुक्ति की मांग की है। किसानों ने इस संबंध में डॉ. रमन सिंह एवं अभिषेक सिंह को पत्र लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। राजगामी संपदा के अध्यक्ष पद को लेकर पिछले कुछ दिनों से विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में कई नाम चर्चा में हैं। इसी बीच मोहड़ क्षेत्र के किसानों ने अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं को सामने रखते हुए एक स्पष्ट मांग रखी है। किसानों का कहना है कि राजगामी संपदा की लगभग 215 एकड़ भूमि पिछले करीब 50 वर्षों से मोहड़ के लगभग 80% किसान लीज पर लेकर खेती कर रहे हैं और इसी से उनका जीवनयापन चलता है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में उन्हें अनेक प्रशासनिक और अन्य प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। किसानों ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान एक प्रभावशाली नेता द्वारा गन्ना खेती के नाम पर अपने लोगों के नाम से लीज लेकर स्थानीय किसानों को काफी परेशान किया गया। इतना ही नहीं किसानों को अस्थायी बिजली कनेक्शन तक देने से मना कर दिया जाता था जिससे उनकी खेती बुरी तरह प्रभावित हुई। ऐसे कठिन समय में राजेन्द्र गोलछा किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहे। किसानों के अनुसार उन्होंने न केवल विद्युत विभाग से लगातार संवाद किया बल्कि संघर्ष कर किसानों को बिजली कनेक्शन दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोहड़ के किसानों ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से मांग की है कि राजगामी संपदा के अध्यक्ष पद पर ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाए जो दबंग, सक्रिय और जनहित के लिए समर्पित हो।



## देवेंद्र गोस्वामी की भजन संध्या में भाव विभोर हुए श्रोता




**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पिछले 20 वर्षों से डोंगरगांव के ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन गायक देवेंद्र गोस्वामी की भजन संध्या प्रतिवर्ष आयोजित होती है इसी क्रम में इस वर्ष भी देवेंद्र गोस्वामी की भजन संध्या में उनके लोकप्रिय भजनों से और उनकी मधुर जादुई आवाज से श्रोता देर रात तक भजनों के भाव में गोता लगाते रहे अद्भुत आनंद कि इस घड़ी में हनुमान भक्तों और श्रोताओं ने उनका शानदार स्वागत किया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com